
**डकैती** ▶ **सराफा व्यापारियों में दहशत, विधायक ने की जल्द गिरफ्तारी की मांग**

# कनपटी पर बंदूक सटाकर 9 लाख की डकैती

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में रविवार रात हथियारबंद बदमाशों ने सराफा व्यापारी की कनपटी पर बंदूक सटाकर 9 लाख की डकैती की। विरोध करने पर फायरिंग भी की। सिर पर लाठियों से 7-8 बार वार किए। व्यापारी के जमीन पर गिरते ही बदमाश सोने-चांदी के जेवरों से भरे लेकर भाग गए।

लांजी पुलिस के मुताबिक, वारदात लांजी-आमगांव मार्ग की है। घायल व्यापारी की पहचान कामना ज्वेलर्स के संचालक कपिल आसटकर के रूप में हुई है। वारदात रविवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच उस समय हुई, जब वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे।

पीड़ित कपिल आसटकर ने बताया- वह रोजाना की तरह अपनी सराफा दुकान बंद करने के




बाद सोने-चांदी के कीमती जेवर दो थैलों में रखकर बाइक से घर लौट रहे थे। उनकी दुकान पुराने पंचायत दफ्तर के पास स्थित एक कॉम्प्लेक्स में है, जबकि घर वहां से करीब 700 मीटर दूर कलार समाज के मंगल भवन के पास है।

जैसे ही वह घर के पास एक मोड़ से गली की ओर मुड़े, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए करीब 8 बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने कपिल आसटकर से जेवरों से भरे दोनों थैले छीनने की कोशिश की। थैले देने से इनकार करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

इसके बाद एक बदमाश ने कारोबारी के सिर पर लाठी से लगातार 7 से 8 वार किए। हमले की वजह से कपिल आसटकर अपनी बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। उनके गिरते ही बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवरों से भरे दोनों थैले छीन लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश 2 बाइक से आमगांव रोड की ओर फरार हो गए। छीने गए दोनों थैलों में सोने और चांदी के जेवर रखे थे, जिनकी कीमत करीब 9 लाख रुपए बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कपिल आसटकर को तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गोंदिया रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि वारदात के समय पूरे इलाके की बिजली गुल थी। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। आसानी से मौके से फरार हो गए।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सरकार आखिर किसे बचा रही है

**जांच पर उठते सवालों से घिरी भाजपा सरकार : मनोहर अग्रवाल**



**नवभारत, लालबर्रा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर अग्रवाल ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में उत्तरप्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह मामला केवल चोरी का नहीं, बल्कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था से जुड़ा हुआ है। आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, पुलिस ने रिमांड नहीं मांगी ? बिना गहन पूछताछ के चोरी गया चढ़ावा कैसे बरामद होगा ?*

उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम से ऐसा प्रतीत होता है कि जांच की दिशा कहीं और मोड़ी जा रही है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर**किसे बचाने का प्रयास हो रहा है। यदि जांच निष्पक्ष है, तो रिमांड लेने और पूरे षड्यंत्र का खुलासा करने में हिचकिचाहट क्यों ?

मनोहर अग्रवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर 'ज़ीरो टॉलरेंस' का दावा करती है, लेकिन जब मामला राम मंदिर की आस्था से जुड़ा है, तब सरकार की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि जनता जानना चाहती है कि चोरी का पूरा सच कब सामने आएगा और क्या सभी जिम्मेदार लोगों पर समान रूप से कार्रवाई होगी।

उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, चोरी गया चढ़ावा बरामद किया जाए और यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

राम मंदिर किसी दल की राजनीति का विषय नहीं, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यदि इस मामले में भी पारदर्शिता नहीं दिखाई गई, तो जनता जवाब मांगेगी।'

## दो दिवसीय आरएएमपी कार्यशाला 1 एवं 2 जुलाई को

**बालाघाट।** जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की आरएएमपी योजना के अंतर्गत 1 एवं 2 जुलाई 2026 को बालाघाट में दो दिवसीय कंपोजिट कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला प्रेमनगर स्थित होटल मलिकार्जुन में आयोजित होगी, जिसमें जिले के उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक समूहों तथा एफपीओ को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उद्यमियों एवं नव उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को व्यवसाय विकास, औपचारिककरण तथा विपणन से संबंधित नवीन अवसरों से जोड़ना है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**नवभारत, लालबर्रा ।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा एवं खमरिया की बैठक ता 1 दिन बुधवार को लालबर्रा में रखी गई है उक्तशय की जानकारी देते हुए लालबर्रा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीराम मुन्ना भोयर एवं खमरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दमनसिंह राहंगडाले ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 1जुलाई दिन बुधवार को दोनों मंडलों की बैठक बस स्टैंड के निकट मुख्य मार्ग स्थित कृष्णा लॉन लालबर्रा में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे की अध्यक्षता में रखी गई है जिससे जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उइके, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, पूर्व मप्र विधानसभा अध्यक्ष हिना कावरे, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार सहित जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के आतिथ्य में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रखी गई है उक्त बैठक में वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा की जा रही



मनमानी, भारी भ्रष्टाचार, घोटाले, किसानों से छलावा, छात्रों से छलावा, महंगाई, व कांग्रेस संगठन को मजबूती जैसे विषयों पर चर्चा व आगामी विधानसभा सत्र हेतु रणनीति तय की जावेगी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा एवं खमरिया ब्लाक अध्यक्ष मनीराम भोयर व दमन राहंगडाले ने सभी कांग्रेस जनों, पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचगण, पंचगण, सभी कांग्रेस के आनुषंगिक संगठन, सभी विंग के पदाधिकारी व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से उक्त बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ पौधरोपण

**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल का लिया संकल्प**

**नवभारत, बालाघाट।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई। उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. पूनम मिश्रा ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन बन सकता है।

कार्यक्रम में श्री कौशलेंद्र थोटे, श्रीमती हेमलता वर्मा, इको क्लब प्रभारी डॉ. भारती शरणागत, श्रीमती मनीषा हरिनखेड़े, श्रीमती रीना श्रीवास्तव, श्रीमती राजकुमारी राणा, श्रीमती स्वाति रामटेक, श्रीमती सुनीता बिसेन, श्रीमती श्रद्धा पांडे, श्रीमती श्रद्धा महोबिया, श्रीमती प्रियंका चौहान सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वृक्ष वर्षा, जल संरक्षण, स्वच्छ वायु, जैव विविधता और जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# गर्रा में अवैध मुरूम खनन पर खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई

**जेसीबी और डम्पर जब्त शासकीय तालाब से हो रहा था अवैध उत्खनन**

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिला खनिज अमले ने ग्राम गर्रा, तहसील एवं जिला बालाघाट में छापामार कार्रवाई कर अवैध मुरूम खनन का मामला पकड़ा।

कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर स्थित एक तालाब से जेसीबी मशीन के माध्यम से डम्पर में मुरूम भरकर अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा था। खनिज अमले द्वारा मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्तियों से खनिज उत्खनन एवं परिवहन संबंधी वैधानिक अनुमति एवं आदेश प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन कोई



वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके।

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खनिज विभाग ने मौके पर ही जेसीबी मशीन एवं डम्पर को विधिवत जब्त कर लिया। जब्त जेसीबी को कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज शाखा परिसर में सुरक्षित रखा गया है, जबकि डम्पर को ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में निगरानी हेतु सौंपा गया है।

खनिज विभाग ने बताया कि मामले में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्य आरोपी फरार चेले गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रतन कॉलोनी स्थित शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे के दफ्तर में हुई बमबाजी का मुख्य आरोपी फरार हो गया है। हालांकि पुलिस ने उसके दो चेलो को दबोच लिया है जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि मुख्य आरोपी अरमान निवासी दीनदयाल निवासी के कहने पर वारदात हुई थी । जिसके पकड़े जाने के बाद मामले में नए खुलासे हो सकते है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। विदित हो कि मनोज शर्मा 53 वर्ष निवासी कृपाल चौक गुप्तेश्वर थाना गढा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे का व्यावसयिक पार्टनर है। कार्यालय रतन कालोनी गोरखपुर में है। शुक्रवार रात्रि वह कार्यालय में रुका हुआ था, रात लगभग 2 बजे बिना नंबर की स्कूटी में आर्यन चौधरी तथा अरमान अपने नाबालिग साथी के साथ आए थे। जिन्होंने आफिस के सामने बम फेंके थे । तीनों आपराधि प्रवृत्ति के है। बमबाजी के बाद तीनों बिना नबंर की स्कूटी से दुर्गा मंदिर की ओर भाग गए थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मीना राहांगडाले का किया गया सम्मान

**नवभारत, वारासिवनी।** भाजपा कार्यालय वारासिवनी मे आज भाजपा महिला मोर्चा ने पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले आदि के नेत्रत्व मे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना राहंगडाले के प्रथम आगमन पर भव्य रूप से स्वागत किया।

इस दौरान पर पूर्व नपा श्रीमती स्मिता जायसवाल ने प्रतिक्रिया मे कहा की हमे श्रीमती मीना राहंगडाले के रूप मे एक महत्तवपूर्ण नेत्रत्व मिला है। जो क्षेत्र मे महिला सशक्तिकरण को बढावा देने और संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुचाने का अवसर भी प्रदान करता है।

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा की हमे पूर्ण



विश्वास है की आपके नेत्रत्व, समर्पण और कार्यकुशलता मे भाजपा महिला मोर्चा और अधिक सशक्त होकर आपके मार्गदर्शन मे पार्टी को नयी उचाईया प्रदान करेगा।

दुसरी ओर सम्मान के पश्चात सभी का आभार व्यक्त करते हुये जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना राहंगडाले ने सभी महिलाओ को सीधे पार्टी कार्यो से जोडते हुये सबसे पहले डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म का प्रशिक्षण देकर सभी को संगठन एप से जुडने के लिये प्रेरित किया। और देखते देखते सभी महिलाये ओटीपी और संगठन एप के सवालो का जवाब भी देते नजर आयी।

कार्यक्रम मे जिला मुख्यालय से पधारी श्रीमती गरीमा गौतम, श्रीमती पूनम खोब्रागडे का भी महिला मोर्चा ने सम्मान किया। कार्यक्रम मे जिला मुख्यालय से डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये संयोजको मे श्रीमती तुलसी शर्मा, श्रीमती विजेता सोनेकर, श्रीमती कोमल व्यास के नाम की घोषणा की गयी।

# सहायक ग्रेड-3 मेहताब हुसैन को दी विदाई, कटनी स्थानांतरण पर दी गई शुभकामनाएं

**जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट में आयोजित विदाई समारोह में सहयोगियों ने सेवाओं को सराहा**

**नवभारत, बालाघाट।** जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 सह डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री मेहताब हुसैन का स्थानांतरण जिला जनसंपर्क कार्यालय कटनी किए जाने पर सोमवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

स्थानांतरण आदेश के तहत श्री मेहताब हुसैन को कटनी में नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 29 जून को जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट से विधिवत कार्यमुक्त किया गया। इस अवसर पर कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल को याद करते हुए उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यक्तित्व की सराहना की।

सहकर्मियों ने कहा कि श्री मेहताब हुसैन ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। एक कुशल डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-3 के रूप में उन्होंने कार्यालयीन कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा हमेशा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सभी का सहयोग किया। उनकी कार्यशैली, अनुशासन एवं विनम्र व्यवहार ने उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाया।

विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री हुसैन को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नवीन पदस्थापना पर सफल कार्यकाल



के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे कटनी में भी अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी और समर्पण से विभाग का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर श्री मेहताब हुसैन ने भी जिला जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट में मिले सहयोग, आत्मीयता और स्नेह के लिए सभी अधिकारियों एवं सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बालाघाट में बिताया गया समय उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रहेगा तथा यहां से मिली सीख और सहयोग को वे सदैव याद रखेंगे। इस दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार पटले एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा।

**घोटाला** ▶ **रिमांड में मिले बयानों के बाद दोबारा पहुंची एसआईटी**

# चावल घोटाला : सीसीटीव्ही फुटेज नहीं मिला, क्या मिटाए गए सबूत

**नवभारत, बालाघाट।** सरकारी चावल हेराफेरी मामले की जांच अब नए मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। विशेष जांच दल ने एक बार फिर छिंदवाड़ा स्थित संबंधित एथेनॉल प्लांट और उससे जुड़े वेयरहाउस में पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान कथित रूप से कई महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए हैं, जिनमें सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं होना और आरोपियों के बयानों में विरोधाभास प्रमुख बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियां अब केवल चावल की कथित हेराफेरी ही नहीं, बल्कि संभावित डिजिटल साक्ष्यों और दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार रिमांड पर चल रहे प्लांट प्रतिनिधि राहुल प्रताप एवं सुपरवाइजर राकेश श्रीवास्तव से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर एसआईटी ने दूसरी बार संबंधित एथेनॉल प्लांट एवं साई कृपा वेयरहाउस का निरीक्षण किया।



बताया जा रहा है कि पहली जांच के दौरान उपलब्ध रिकॉर्ड और आरोपियों के बयानों में कुछ बिंदुओं पर अंतर मिलने के बाद पुलिस ने दोबारा जांच करना आवश्यक समझा।

सूत्रों के मुताबिक जांच टीम को संबंधित परिसर से अपेक्षित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं हो सका। इस कारण जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि फुटेज उपलब्ध क्यों नहीं है और क्या रिकॉर्ड सुरक्षित रखा गया था।

हालांकि, अभी तक पुलिस या एसआईटी की ओर से यह आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है कि फुटेज नष्ट किया गया, डिलीट हुआ या तकनीकी कारणों से उपलब्ध नहीं है। इस पहलू की जांच जारी है।

सूत्रों का दावा है कि जांच एजेंसियों को एक रजिस्टर मिला है, जिसमें वाहनों की आवाजाही दर्ज है। अब इसी रिकॉर्ड का अन्य दस्तावेजों, परिवहन विवरण और संबंधित अभिलेखों से मिलान किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, सिवनी और छिंदवाड़ा के कुछ राइस मिलर्स से भी पूछताछ की संभावना है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक जांच के दायरे में आए सभी लोगों को आरोपी घोषित नहीं किया है।

जांच एजेंसियां उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

जानकारी मिल रही है कि गिरफ्तार आरोपियों की रिमांड अवधि बढ़ाए जाने की प्रक्रिया अपनाई गई है, हालांकि इस संबंध में अभी अधिकृत पुष्टि शेष है।

माना जा रहा है कि पूछताछ के अगले चरण में जांच एजेंसियों को मामले से जुड़े और महत्वपूर्ण तथ्य प्राप्त हो सकते हैं।

**वेयरहाउस की भूमिका भी जांच के घेरे में**

जांच में यह भी पड़ताल की जा रही है कि एफसीआई से जारी चावल की आपूर्ति निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप हुई थी या नहीं।

# छत के इंतजार में आदिवासी परिवार, तीन वर्षों से झुग्गी में गुजर रहा जीवन

**नवभारत, परसवाड़ा।** शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन परसवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक-10 में रहने वाला एक आदिवासी परिवार आज भी इस योजना के लाभ से वंचित है। हालात ऐसे हैं कि परिवार कपड़ों, लकड़ियों और टीन के सहारे बनाई गई एक अस्थायी झुग्गी में रहने को मजबूर है। भीषण गर्मी, मूसलाधार बारिश और कड़ाके की ठंड—हर मौसम की मार यह परिवार पिछले तीन वर्षों से झेल रहा है, लेकिन अब तक उसे सिर छिपाने के लिए एक पक्की छत नसीब नहीं हो सकी।

पीड़ित भूपेश उईके का कहना है कि वह पिछले तीन वर्षों से लगातार ग्राम पंचायत के चक्कर लगा रहे हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन कर चुके हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया। उनका आरोप है कि पंचायत में हर बार उन्हें आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है।

भूपेश उईके के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। दोनों बेटियां रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा में अध्ययनरत हैं। बड़ी बेटी वर्षा उईके, जो कक्षा 10वीं की छात्रा है, बताती है कि बारिश के दिनों में झुग्गी में पानी भर जाता है। ऐसे समय में दोनों बहनें एक पलंग पर बैठकर पढ़ाई करने का प्रयास करती हैं। परिवार के पास बिजली का कनेक्शन भी नहीं है, जिसके कारण रात में पढ़ाई करना संभव नहीं हो पाता और उन्हें केवल दिन के उजाले में ही पढ़ाई करनी पड़ती है।

भूपेश की पत्नी का कहना है कि वह लगातार ग्राम पंचायत के चक्कर लगा रही हैं और आवश्यक सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। उनकी केवल एक ही मांग है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक पक्का घर उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना है कि पंचायत कर्मियों ने उन्हें आगामी गर्मियों तक इंतजार करने की बात कही है।

मौके पर देखने से स्पष्ट होता है कि यह परिवार कपड़ों और लकड़ियों के सहारे बनाई गई एक जर्जर झुग्गी में रहने को विवश है। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह आदिवासी परिवार आज भी पक्के आवास की आस लगाए बैठा है।